प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 15.01.2026 (दोपहर – 1455 बजे)

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में राष्ट्रमंडल देशों के संसद अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन का शुभारंभ किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थायें भारत में विकास को स्टैबिलिटी, स्केल और स्पीड तीनों देते हैं। लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने देश की डायवर्सिटी को डेमोक्रेसी की ताकत बनाया है।

****

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने अंश अंशिका प्रकरण पर झारखंड पुलिस की कार्यशैली पर तीखा प्रहार किया है। उन्होंने आज रांची में प्रेसवार्ता आयोजित कर आरोप लगाया कि राज्य के पुलिस महकमे को कानून व्यवस्था की चिंता की बजाय वाहवाही लूटने की फिक्र है। श्री मरांडी ने कहा कि अंश–अंशिका की बरामदगी राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों की सक्रियता की वजह से हो पायी। श्री मरांडी ने कहा कि अगर वास्तव में झारखंड पुलिस अपने काम के प्रति संवेदनशील और तत्पर है तो उसे राज्य से लापता 400 से अधिक बच्चों को भी खोज निकालना चाहिए।

****

राज्य में प्रवर्तन निदेशालय, इडी और स्थानीय पुलिस के बीच एक बार फिर टकराव की स्थिति पैदा हो गई है। आज, रांची पुलिस की एक टीम दलबल के साथ हिनू स्थित ईडी कार्यालय पहुंची। पेयजल घोटाले के अभियुक्त संतोष कुमार ने आरोप लगाया है कि पूछताछ के दौरान ईडी अधिकारियों ने उसके साथ मारपीट की। रांची पुलिस इसी शिकायत की जांच करने ईडी दफ्तर पहुंची है।

इधर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि हाईकोर्ट को स्वत संज्ञान लेते हुए पूरे मामले की जांच करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि झारखंड में घोटालेबाजों को सुनियोजित रूप से बचाने के लिए राज्य सरकार और पुलिस विभाग कम कर रही है।

****

गुमला–रांची मुख्य मार्ग पर भरनो थाना क्षेत्र के भड़गांव के पास एक तेज रफ्तार हाईवा ने तिलकुट लदे पिकअप वैन को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में पिकअप सवार चार व्यवसायियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और गंभीर रूप से घायल लोगों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

****

टाटानगर रेलवे स्टेशन से रेलवे सुरक्षा बल, आरपीएफ ने अंतर्राज्जीय गिरोह के दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरपीएफ ने बताया है कि गिरफ्तार तस्कारों के पास से चालीस किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है, जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत बीस लाख रूपये बतायी जा रही है।

****

मकर संक्रांति पर राज्यभर में आस्था, उल्लास और उत्साह का का माहौल है। नदियों में पवित्र स्नान के लिए अहले सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। कोडरमा के चाराडीह स्थित केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी के आवास पर चुडा–दही कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

****

रांची में इन दिनों हॉकी का भी रोमांच दिख रहा है। पुरूष एचआईएल हॉकी में आज सूरमा हॉकी क्लब और एचआईएल जीसी क्लब के बीच शाम सात बजे से मुकाबला होगा। इधर कल खेले गये मैच में रांची रॉयल्स ने एसजी पाइपर्स को, जबकि कलिंगा लांसर्स ने हैदराबाद तूफांस को पराजित किया।

*******समाप्त*******